तापमान

| | | |
|---|---|---|
| भोपाल | 18.0° | 37.0° |
| इंदौर | 18.0° | 38.0° |
| जबलपुर | 18.0° | 37.0° |
| ग्वालियर | 18.0° | 36.0° |
| सागर | 19.0° | 38.0° |

# नईदुनिया

वर्ष- 79
(भोपाल : वर्ष 41 अंक 106, पृष्ठ 12)
चैत्र, कृष्ण द्वादशी संवत् 2082
रविवार, 15 मार्च 2026
राजधानी संस्करण
कीमतः 3:00 रुपये

www.naiduniaonline.com

भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित




**राजधानी...** आधुनिक तकनीक से सटीक हुआ कृषि...


**खेल...** गीतिका जाखड़ः लगातार 9 बार भारत केसरी...


**व्यापार...** बाजार में उतार-चढ़ाव से घबराएं नहीं, धैर्य...


**देश-विदेश...** शशिकला ने बनाई नई पार्टी, करेंगे ...


## बंगाल में जंगलराज वालों का काउंटडाउन शुरूः मोदी

### केंद्र की योजनाओं को जनता तक पहुँचाना प्राथमिकता



**नईदुनिया ब्यूरो, कोलकाता :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोलकाता के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में कहा कि बंगाल में जंगलराज वालों का काउंटडाउन शुरू हो गया है और वर्तमान सरकार का अंत नजदीक है। उन्होंने कहा कि पहले कांग्रेस, फिर वामपंथी और अब तृणमूल कांग्रेस राज्य में शासन कर चुकी है, लेकिन अब बदलाव का समय आ गया है। प्रधानमंत्री ने युवाओं को संदेश दिया कि उन्हें बंगाल में रोजगार मिलना चाहिए और वे राज्य के विकास का नेतृत्व करें। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने 18,680 करोड़ रूपए के विभिन्न विकास प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन-शिलान्यास किया। कार्यक्रम में बीजेपी नेता और पश्चिम बंगाल के राज्यपाल आर.एन. रवि भी मौजूद थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि वर्तमान सरकार केंद्र की योजनाओं को आम जनता तक पहुँचने नहीं देती और इसके कारण गरीबों को उनके हक का लाभ नहीं मिल पाता।

### टीएमसी कार्यकर्ताओं में विवाद, पत्थरबाजी

पीएम मोदी की रैली से पहले भाजपा और टीएमसी कार्यकर्ताओं में विवाद हुआ है। गिरीश पार्क एरिया में दोनों ग्रुप ने एक-दूसरे पर पत्थरबाजी की। पुलिस ने भीड़ को खदेड़ा। पश्चिम बंगाल में उद्योग, वाणिज्य और उद्यम मंत्री शशि पंजा ने आरोप लगाया कि झड़प के दौरान मुझ पर ईंट मारी गई। भाजपा गुंडा नहीं है, हत्यारी है। मंत्री पंजा का यहीं पर घर है।

# दो जहाज लेकर आ रहे 92,700 टन गैस

**तेल अवीव/तेहरान, एजेंसी :** अमेरिका, इज़राइल और ईरान के बीच जारी युद्ध के बीच खाड़ी देशों से एलपीजी लेकर आ रहे भारत के दो जहाज सुरक्षित रूप से होर्मुज जलडमरूमध्य पार कर गए हैं। ईरान ने एक दिन पहले इन जहाजों को इस मार्ग से गुजरने की अनुमति दी थी। दोनों जहाज अब भारत के पश्चिमी तट की ओर बढ़ रहे हैं और अगले दो से तीन दिनों में देश पहुंचने की संभावना है। जहाजरानी एवं जलमार्ग मंत्रालय के विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा के अनुसार भारतीय ध्वज वाले एलपीजी वाहक 'शिवालिक' और 'नंदा देवी' शनिवार को होर्मुज जलडमरूमध्य पार कर गए। दोनों जहाज कुल 92,700 टन एलपीजी लेकर भारत आ रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि ये जहाज गुजरात के मुंद्रा और कांडला बंदरगाह की ओर बढ़ रहे हैं। बताया गया कि ये दोनों जहाज उन 24 जहाजों में शामिल थे, जो मध्य पूर्व क्षेत्र में युद्ध शुरू होने के बाद होर्मुज जलडमरूमध्य के पश्चिमी हिस्से में फंसे हुए थे। भारत में ईरान के राजदूत मोहम्मद फतहाली ने एक दिन पहले कहा था कि ईरान ने कई भारतीय जहाजों को इस जलमार्ग से गुजरने की अनुमति दी है।

### दोनों जहाजों से 65 लाख 28 हजार घरेलू एलपीजी सिलेंडर भरे जाएँगे




**ऐसे समझें गणितः-**
एक टन = 1000 किलोग्राम
92,700 टन = 92,700,000 किलोग्राम
एक घरेलू एलपीजी सिलेंडर में 14.2 किलोग्राम गैस होती है

### नौ मिसाइलें, 33 ड्रोन मार गिराए



इस बीच युद्ध के हालात लगातार तनावपूर्ण बने हुए हैं। संयुक्त अरब अमीरात ने दावा किया है कि उसके वायु रक्षा तंत्र ने ईरान की ओर से दागी गई नौ बैलिस्टिक मिसाइल और 33 ड्रोन को मार गिराया। वहीं अमेरिका ने कहा कि उसकी सेना ने ईरान के खार्ग द्वीप पर बड़े पैमाने पर सटीक हमले करते हुए 90 से अधिक सैन्य ठिकानों को नष्ट कर दिया।

### कमर्शियल सिलेंडर की सप्लाई शुरू



सरकार ने 5 दिन बाद कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर पर लगी रोक हटा दी है। पेट्रोलियम मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि देश के 29 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में कमर्शियल सिलेंडर का वितरण शुरू कर दिया गया है। सरकार ने 9 मार्च को कमर्शियल सिलेंडर की सप्लाई पर रोक लगाई थी। वहीं, सिलेंडरों की कालाबाजारी और अवैध भंडारण को रोकने के लिए देशभर में छापेमारी तेज कर दी गई है। सरकार ने कहा है कि घरेलू उपभोक्ताओं को घबराने की जरूरत नहीं है।

### कचरे से गैस उपयोग की मंजूरी



पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि दिल्ली-एनसीआर के होटल, रेस्टोरेंट और उद्योगों को नेचुरल गैस की जगह कचरे से बने बायोमास पेलेट्स का अस्थायी उपयोग करने की मंजूरी दे दी गई है। यह रिफ्यूज-डिराइव्ड ईंधन (आरडीएफ) नगर निगम और उद्योगों के सूखे कचरे जैसे प्लास्टिक, कागज, कपड़ा और लकड़ी से तैयार किया जाता है। इससे न केवल कचरे का निपटान होता है बल्कि प्रदूषण भी कम होता है।

**दो वर्ष में नशा खत्म करने का वादा** | **अकेले चुनाव लड़ने के संकेत**

### मोगा रैली में 2027 में भाजपा सरकार बनने का दावा

## पंजाब को काम करने वाला नेतृत्व चाहिएः अमित शाह

**नईदुनिया ब्यूरो, मोगाः** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पंजाब में वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर मोगा में आयोजित बदलाव रैली में भारतीय जनता पार्टी की चुनावी तैयारी का संकेत दिया। उन्होंने कहा कि पंजाब को हंसाने वाला नहीं, बल्कि काम करने वाला मुख्यमंत्री चाहिए। शाह ने दावा किया कि वर्ष 2027 में राज्य में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी और यदि भाजपा को अवसर मिला तो दो वर्ष के भीतर नशे के कारोबार को जड़ से समाप्त कर दिया जाएगा। रैली में केसरी रंग की पगड़ी पहनकर पहुंचे गृह मंत्री ने कहा कि यह पगड़ी देश पर गुरु घर के कर्ज का प्रतीक है। उन्होंने गुरु तेग बहादुर के बलिदान का स्मरण करते हुए कहा कि उन्होंने कश्मीरी पंडितों की रक्षा के लिए अपना जीवन बलिदान कर दिया और उनका त्याग देश के लिए प्रेरणा है। गृह मंत्री ने आम आदमी पार्टी की सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि वर्तमान सरकार ने कई वादे किए,



लेकिन उन्हें पूरा नहीं किया। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में नशे, भ्रष्टाचार और बेरोजगारी की समस्याएं बढ़ रही हैं। उन्होंने किसानों से अपील करते हुए कहा कि उन्हें भ्रामक प्रचार से बचना चाहिए और सही जानकारी के आधार पर निर्णय लेना चाहिए। अमित शाह ने कहा कि यदि विभाजन के समय भारतीय जनता पार्टी की सरकार होती तो करतारपुर साहिब पाकिस्तान में नहीं जाता। उन्होंने यह भी कहा कि सिख दंगों के मामलों में वर्तमान सरकार ने कार्रवाई करते हुए कई मामलों में न्याय दिलाने का प्रयास किया।

शाह के पंजाब में अकेले चुनाव लड़ने के संकेत पर शिरोमणि अकाली दल के प्रधान सुखबीर सिंह बादल ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि हर दल को अपने निर्णय लेने का अधिकार है। उन्होंने कहा कि अकाली दल भी अपने सिद्धांतों पर चलने वाली पार्टी है और पंजाब के हित को सर्वोपरि मानता है।

### पश्चिम गारो हिल्स में कर्फ्यू बढ़ाया

**शिलांगः** मेघालय के हिंसा प्रभावित पश्चिम गारो हिल्स जिले में कर्फ्यू रविवार सुबह 6 बजे तक बढ़ा दिया गया है। जिला मजिस्ट्रेट विभोर अग्रवाल द्वारा जारी आदेश के अनुसार यह पूरे जिले में लागू रहेगा। आवश्यक वस्तुओं की खरीद के लिए शनिवार को सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक ढील दी गई है। अधिकारियों ने बताया कि पूर्वी गारो हिल्स जिले में कर्फ्यू अगले आदेश तक जारी रहेगा। जिला मजिस्ट्रेट आर. पी. मारक के अनुसार विलियमनगर मुख्य बाजार को सुबह 6 बजे से दोपहर 1 बजे तक खोलने की अनुमति दी गई है। प्रशासन ने नागरिकों से घरों में रहने और नियमों का पालन करने की अपील की है।


## हमारी संस्कृति में सामाजिक सद्भाव का महत्व सर्वोपरिः डॉ. यादव

### सामूहिक विवाह सम्मेलन में 200 बेटियों का विवाह/निकाह

**विवाह में फिजूलखर्ची से बचने की सलाह**

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि हमारी संस्कृति में सामाजिक सद्भाव का महत्व सर्वोपरि है और इसे बढ़ाने में सामूहिक विवाह सम्मेलन एक सशक्त माध्यम है। बेटियों के पाणिग्रहण संस्कार से बड़ा पुण्य कोई कार्य नहीं हो सकता।

पहले बेटी के जन्म के साथ ही परिवार को उसकी शादी की चिंता सताती थी, लेकिन मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना के माध्यम से सरकार गरीब और जरूरतमंद परिवारों की बेटियों का



कन्यादान कर रही है। मुख्यमंत्री ने बताया कि जन्म से लेकर पढ़ाई, नौकरी, मातृत्व और विवाह तक सरकार हर कदम पर महिलाओं के साथ खड़ी है। उन्होंने लोगों से मितव्ययिता का पालन करने और विवाह आयोजनों में फिजूलखर्ची से बचने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि उन्होंने अपने पुत्र का विवाह भी सामूहिक विवाह सम्मेलन में कराया है। शनिवार को मुख्यमंत्री निवास से शुजालपुर (जिला शाजापुर) में आयोजित सर्व धर्म सामूहिक विवाह सम्मेलन को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित किया गया। सम्मेलन में 200 बेटियों का विवाह/निकाह सम्पन्न हुआ, जिसमें 162 बेटियों का विधि-विधान से विवाह और 38 का कबूलियत निकाह कराया गया।

## राहुल बोले- डीयू में जाति के आधार पर इंटरव्यू

**विश्वविद्यालय प्रशासन ने बयान को बताया तथ्यहीन**

**नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने लखनऊ में कांशीराम जयंती पर आयोजित संविधान सम्मेलन में दिल्ली विश्वविद्यालय में जाति के आधार पर इंटरव्यू में असफल करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में छात्रों से जाति पूछकर उन्हें इंटरव्यू में बाहर कर दिया जाता है। दिल्ली विश्वविद्यालय ने इस आरोप को खारिज करते हुए कहा कि प्रवेश कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट के अंकों के आधार पर होता है और अधिकांश स्नातक व स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में इंटरव्यू की आवश्यकता नहीं होती। विश्वविद्यालय ने कहा कि बयान देने से पहले तथ्यों की जांच करना आवश्यक है। साथ ही विश्वविद्यालय प्रशासन ने कहा कि ऐसी टिप्पणियां शैक्षणिक माहौल को प्रभावित करती हैं।



### दिल्ली में 10 बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार

**नई दिल्लीः** दिल्ली पुलिस ने अवैध रूप से रह रहे 10 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। ये सभी मेडिकल वीजा पर भारत आए थे, लेकिन वीजा की अवधि समाप्त होने के बाद भी दिल्ली में रह रहे थे। पुलिस पूछताछ में किसी के पास वैध पहचान पत्र या यात्रा दस्तावेज नहीं मिले। जांच में पता चला कि उनके पासपोर्ट और वीजा की समय सीमा समाप्त हो चुकी थी और वे अवैध रूप से रह रहे थे। वे भारत के रास्ते बुल्गारिया जाने की योजना से यहां आए थे और बुल्गारिया के लिए मेडिकल वीजा का प्रयास कर रहे थे।

## सोनम 170 दिन बाद रिहा

### सरकार ने एनएसए हटाया



**नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः** केंद्र सरकार ने लद्दाख के सामाजिक कार्यकर्ता और इंजीनियर सोनम वांगचुक पर लगा नेशनल सिक्युरिटी एक्ट हटा दिया। आदेश तुरंत प्रभाव से लागू किया गया। 26 सितंबर 2025 को लद्दाख में हुए हिंसक प्रदर्शन और उनकी राज्य की पूर्णता की मांग के बाद उन्हें हिरासत में लिया गया था। सोनम ने हिरासत के दौरान 21 दिन तक अनशन रखा था। उन्हें तुरंत जोधपुर जेल भेजा गया था, जहां वे 170 दिन तक बंद रहे। शनिवार को सुबह उनकी पत्नी गीतांजलि जेल पहुंचीं और कागजी कार्रवाई पूरी होने के बाद दोपहर सवा एक बजे वे निजी वाहन से रिहा हुए।

सरकार ने बताया कि यह निर्णय लद्दाख में शांति, स्थिरता और संवाद का माहौल बनाने के लिए लिया गया। क्षेत्र में विभिन्न समुदायों और नेताओं के साथ लगातार बातचीत जारी है। हड़ताल और विरोध प्रदर्शनों के कारण छात्रों, नौकरी चाहने वालों, व्यापार और स्थानीय अर्थव्यवस्था पर असर पड़ रहा था। सोनम ने सोशल मीडिया पर कहा कि उनकी प्रतिबद्धता लद्दाख के लिए न्यायपूर्ण और स्थायी भविष्य के प्रति पहले जैसी ही है। उनकी रिहाई के लिए केंद्रीय राज्य मंत्री नित्यानंद की अध्यक्षता में हाई-पावर्ड कमेटी ने क्षेत्रीय संगठनों के साथ बैठक कर मांग दोहराई थी।

### अडाणी पावर प्लांट में मजदूर की मौत के बाद तोड़फोड़, आगजनी



**नईदुनिया ब्यूरो, सिंगरौली :** माडा थाना क्षेत्र के बधौरा स्थित अडाणी पावर प्लांट में शनिवार सुबह मजदूर लल्लन सिंह की मौत के बाद हंगामा मच गया। मृतक झारखंड के गढ़वा जिले का रहने वाला था और लंबे समय से प्लांट में काम कर रहा था। मजदूरों ने गुस्से में एक दर्जन से अधिक गाड़ियों को क्षतिग्रस्त किया, एक कर्मचारी को पीटा और प्लांट परिसर में आग लगा दी। घटना के बाद भारी पुलिस बल और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। प्रबंधन और जिला प्रशासन ने बताया कि मजदूर की मौत देर रात हार्ट अटैक से हुई। मजदूरों ने निष्पक्ष जांच और मौत के कारण स्पष्ट करने की मांग की।

**कानूनी सम्मेलन** | सुप्रीम कोर्ट जज ने तकनीक के सीमित इस्तेमाल पर जोर दिया...

## एआई वकील न्यायिक दिमाग की जगह नहीं ले सकता

**नईदुनिया ब्यूरो, हैदराबाद :** सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति विक्रम नाथ ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) वकील के प्रशिक्षित दिमाग और न्यायाधीश की नैतिक जिम्मेदारी की जगह नहीं ले सकता। उन्होंने यह बात तेलंगाना में आयोजित कानूनी सम्मेलन में कही। न्यायमूर्ति नाथ ने कहा कि अगर समझदारी से इस्तेमाल किया जाए तो एआई समय बचाने में मददगार हो सकता है और कानूनी काम के कुछ पहलुओं को आसान बना सकता है, लेकिन यह अनुशासित और न्यायसंगत फैसले लेने के काबिल नहीं है।





न्यायमूर्ति नाथ ने स्पष्ट किया कि एआई केवल एक टूल है। यह कानूनी नोट तैयार करने या दस्तावेज बनाने में मदद कर सकता है, लेकिन इसे कानून बनाने की अनुमति नहीं दी जा सकती। उन्होंने कहा कि एआई के गलत इस्तेमाल से न्यायिक व्यवस्था की विश्वसनीयता प्रभावित हो सकती है। सुप्रीम कोर्ट में भी एआई से तैयार सामग्री और नकली संदर्भों के इस्तेमाल को लेकर चिंता जताई गई है। न्यायमूर्ति नाथ ने बताया कि एआई के गलत इस्तेमाल के कारण इसे पूरी तरह से छोड़ देना भी सही नहीं है। इसका सही समाधान है जानकारी के साथ सावधानीपूर्वक उपयोग, नैतिक अनुशासन और पेशेवर मानकों का पालन। नई तकनीक कानूनी काम को आसान बना सकती है, लेकिन लापरवाही के नए रूप भी पैदा कर सकती है। इसका उपयोग सिद्धांत और जिम्मेदारी के साथ होना चाहिए। इस सम्मेलन में सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा और तेलंगाना हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश अपारेष कुमार सिंह भी मौजूद थे।

सुप्रीम कोर्ट ने 2 मार्च को एक अहम टिप्पणी करते हुए कहा था कि एआई से तैयार सबूतों के आधार पर फैसला लिखना गलत है। न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा और आलोक अराधे की बेंच ने कहा कि यह साधारण गलती नहीं हो सकती। कोर्ट ने अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी, सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और बार काउंसिल ऑफ इंडिया को नोटिस जारी किया था।

इस मामले की पृष्ठभूमि में अगस्त 2023 में आंध्र प्रदेश की ट्रायल कोर्ट ने विवादित प्रॉपर्टी केस में एआई से तैयार तस्वीरों के आधार पर फैसला दिया था। इसके खिलाफ याचिका आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट में दायर हुई, जिसे जनवरी 2024 में खारिज कर दिया गया।

## पाक आतंकवाद फैला रहाः लूमर

### अमेरिका को संबंधों में सावधानी बरतने की दी सलाह

**नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की समर्थक सामाजिक कार्यकर्ता लौरा लूमर ने पाकिस्तान को लेकर विवादित टिप्पणी करते हुए कहा कि पाकिस्तान दुनिया में इस्लामी आतंकवाद फैलाने वाला प्रमुख देश है। उन्होंने कहा कि अमेरिका को पाकिस्तान से दूरी बनाए रखनी चाहिए और उसके साथ संबंधों में अत्यधिक सावधानी बरतनी चाहिए।

लौरा लूमर ने यह बयान एक कॉन्क्लेव के दौरान दिया। उन्होंने सीधे तौर पर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की सरकार का उल्लेख करते हुए कहा कि पाकिस्तान पर लंबे समय से जिहादी विचारधारा को बढ़ावा देने के आरोप लगते रहे हैं। ऐसे में अमेरिका को पाकिस्तान की मौजूदा सरकार के साथ संबंधों को लेकर सतर्क रहना चाहिए।



लूमर ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आतंकवाद की समस्या से निपटने के लिए देशों को स्पष्ट और सख्त नीति अपनानी चाहिए। उनका कहना था कि किसी भी देश के साथ संबंध बनाते समय उसकी भूमिका और गतिविधियों का गंभीरता से आकलन किया जाना आवश्यक है। लौरा लूमर इससे पहले भी अपने विवादित बयानों के कारण चर्चा में रही हैं। कई बार उनके मुस्लिम विरोधी वक्तव्यों को लेकर आलोचना भी हुई है। इससे पहले उन्होंने भारत से जुड़े बयान देकर भी विवाद खड़ा किया था। उन्होंने भारतीय प्रवासियों को लेकर अपमानजनक टिप्पणी की थी और भारतीय फिल्म उद्योग का भी मजाक उड़ाया था। उनके ताजा बयान के बाद राजनीतिक और कूटनीतिक हलकों में चर्चा तेज हो गई है।